# सीडीएस (I) 2019 के लिए मासिक करंट अफेयर्स

## दिसंबर 2018




POWERED BY:

gradeup

**दिसम्बर 2018**

- **चक्रवात फेथई** बंगाल की खाड़ी में उठा और 16 दिसंबर, 2018 को **आंध्र प्रदेश** राज्य को आहत किया।
- केंद्रीय सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री **श्री अटल बिहारी वाजपेयी** के सम्मान में 100 रुपये का स्मारक सिक्का जारी किया है।
- पूर्व प्रधानमंत्री **श्री अटल बिहार वाजपेयी** का स्मारक **"सदैव अटल"** जो भारत सरकार द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया था।
- डिब्रूगढ़, असम में ब्रह्मपुत्र नदी पर निर्मित **बोगीबील पुल** 4.94 किलोमीटर तक फैला हुआ भारत का सबसे लंबा रेलमार्ग पुल है। यह भूपेन हजारिका सेतु, महात्मा गांधी सेतु और बांद्रा-वर्ली सी लिंक के बाद भारत में चौथा सबसे लंबा पुल है।
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा फहराए गए तिरंगे की 75वीं वर्षगांठ पर अंडमान और निकोबार के तीन द्वीपों का नाम बदला गया है। **पोर्ट ब्लेयर** ब्रिटिश शासन से मुक्त होने वाला पहला क्षेत्र था।
  - **रॉस द्वीप** का नाम बदलकर **नेताजी सुभाष चंद्र द्वीप** कर दिया गया।
  - **नील द्वीप** का नाम बदलकर **शहीद द्वीप** कर दिया गया।
  - **हैवलॉक द्वीप** का नाम बदलकर **स्वराज द्वीप** कर दिया गया है।
- GSAT-7A इसरो का 39वां भारतीय संचार उपग्रह है जो भारतीय क्षेत्र में कू-बैंड में उपयोगकर्ताओं को सेवाएं प्रदान करता है। लॉन्च वाहन GSLV - F11 है और इसे **सतीश धवन अंतरिक्ष स्टेशन, श्रीहरिकोटा** से लॉन्च किया गया था। इसे **"एंग्री बर्ड"** के रूप में भी जाना जाता है और यह **भारतीय वायु सेना** के लिए फोर्स मल्टीप्लायर के रूप में कार्य करेगा।
- **भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आई.सी.ए.आर)** ने इस वर्ष पशुधन और मुर्गीपालन की रिकॉर्ड 15 नई नस्लों के पंजीकरण को मंजूरी दी है।
  - दो मवेशी नस्लें - लद्दाखी (जम्मू एवं कश्मीर) और कोंकण कपिला (महाराष्ट्र एवं गोवा)
  - तीन भैंस नस्लें - लुईस (असम एवं मणिपुर), बरगर (तमिलनाडु), छत्तीसगढ़ी (छत्तीसगढ़)
  - एक भेड़ नस्ल - पांचाली (गुजरात)
  - छह बकरी की नस्लें - काहमी (गुजरात), रोहिलखंडी (यू.पी), असम हिल (असम एवं मेघालय), बिदरी (कर्नाटक), नंदीदुर्ग (कर्नाटक), भाकरवाली (जम्मू एवं कश्मीर)
  - एक सुअर नस्ल - घुर्राह (यू.पी)
  - एक गधा नस्ल - हलारी (गुजरात)
  - एक मुर्गी की नस्ल - उत्तरा (उत्तराखंड)
- 26 जनवरी, 2019 को **70वें गणतंत्र दिवस** समारोह में दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति **सिरिल रामाफोसा** मुख्य अतिथि होंगे।

- **आंध्र प्रदेश** को राजधानी **अमरावती** में अपना उच्च न्यायालय प्राप्त हुआ है। वर्तमान में उत्तराखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रहे **न्यायमूर्ति रमेश रंगनाथन** नए उच्च न्यायालय के प्रमुख होंगे। भारत में उच्च न्यायालय की कुल संख्या अब 25 तक पहुँच गई है।

- एफ.आई.एच (इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन) **हॉकी वर्ल्ड कप 2018** का आयोजन कलिंग स्टेडियम, **भुवनेश्वर, ओडिशा** में 28 नवंबर से 16 दिसंबर, 2018 तक किया गया था। मैस्कॉट ऑली, एक ओलिव रिडले टर्टल था।
- टूर्नामेंट का विजेता **बेल्जियम** था और उप-विजेता **नीदरलैंड** था।

- **मध्य प्रदेश** के वन विभाग ने **कुनो** को एक **'राष्ट्रीय उद्यान'** घोषित किया है। इस कदम से गुजरात के गिर से लेकर मध्य प्रदेश के कुनो तक के **शेरों** के स्थानांतरण हेतु मार्ग प्रशस्त होने की उम्मीद है।

- **भारत का पहला निजी यू.ए.वी कारखाना** हैदराबाद में खोला गया। इसे **अदानी ग्रुप** और इज़राइल स्थित **एलबिट सिस्टम्स** द्वारा बनाया गया है।

**नवनियुक्त मुख्यमंत्री:**

| | | |
|---|---|---|
| ***तेलंगाना*** | – | ***के. चंद्रशेखर राव*** |
| ***राजस्थान*** | – | ***अशोक गहलोत*** |
| ***मध्य प्रदेश*** | – | ***कमल नाथ*** |
| ***छत्तीसगढ़*** | – | ***भूपेश बघेल*** |
| ***मिजोरम*** | – | ***श्री जोरामथांगा*** |

**पुरस्कार और सम्मान:**

- सितार वादक, **मंजू मेहता** को संगीत में उनके योगदान के लिए मध्य प्रदेश सरकार द्वारा **तानसेन सम्मान** से सम्मानित किया गया है।

- अंग्रेजी उपन्यासकार, **अमिताव घोष** को **2018 ज्ञानपीठ पुरस्कार** के लिए चुना गया है। वह यह पुरस्कार प्राप्त करने वाले अंग्रेजी भाषा के पहले लेखक बन गए हैं।

- सउदी अरब के विरोधी, लेखक, वाशिंगटन पोस्ट के स्तंभकार, **जमाल खशोगी** की 02 अक्टूबर, 2018 को हत्या कर दी गई जिसे **टाइम मैगजीन पर्सन ऑफ द ईयर 2018** के लिए चुना गया।

**समाचारों में व्यक्ति:**

- **शक्तिकांत दास, भारतीय रिजर्व बैंक के नए गवर्नर** हैं जिन्हें **डॉ. उर्जित पटेल** के इस्तीफे के बाद नियुक्त किया गया है।
- **डॉ. कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यम, अरविंद सुब्रमण्यम** के बाद भारत सरकार के नए **मुख्य आर्थिक सलाहकार** हैं।
- **महान फिल्मकार और दादा साहेब फाल्के** पुरस्कार प्राप्तकर्ता **मृणाल सेन** का 30 दिसंबर, 2018 को निधन हो गया।

**रक्षा:**

- **रूस** ने हाल ही में अपनी अंतर-महाद्वीपीय, **परमाणु हाइपरसोनिक** मिसाइल, **अवांगार्ड** का दक्षिणी यूराल पर्वत में एक बेस से परीक्षण किया, जिसकी परिचालन सीमा **16000 कि.मी** है।

- **भारतीय नौसेना** ने हाल ही में अपना **पहला फ्लाईवे डीप-सी सबमरीन रेस्क्यू सिस्टम (डी.एस.आर.वी)** शामिल किया, जिसे स्कॉटलैंड स्थित **जेम्स फिशर एंड संस** द्वारा निर्मित किया गया था। यह वर्तमान में मदरशीप आई.एन.एस साबरमती पर तैनात है और **मुंबई** में स्थित है।

***सैन्य अभ्यास:***

- भारतीय वायु सेना और **जापानी वायु आत्म-रक्षा बल** - **शिन्यु मैत्री** (आगरा वायु सेना बेस)। यह 3 - 7 दिसंबर, 2018 तक आयोजित किया गया था।

- भारतीय वायु सेना और **अमेरिकी वायु सेना - कोप इंडिया** (कलईकुंडा एवं पनागढ़ वायु सेना, पश्चिम बंगाल)। यह 3 - 14 दिसंबर, 2018 तक आयोजित किया गया था।

- भारतीय नौसेना और **रूसी फेडरेशन नेवी** - **इंद्र नेवी 2018** (विशाखापत्तनम के तट पर)। इसे 09 - 16 दिसंबर, 2018 तक आयोजित किया गया था।

- भारतीय वायु सेना और **रूसी वायु सेना** - Aviaindra 2018 (जोधपुर वायु सेना बेस)। यह 10 से 21 दिसंबर, 2018 तक आयोजित किया गया था।

- भारतीय सेना और **पीपल्स लिबरेशन आर्मी** (चीन-भारत) – **हैंड-इन-हैंड** (चेंगदू)। यह 10 - 23 दिसंबर, 2018 तक आयोजित किया गया था।

***समाचारों में स्थान:***

- रेल मंत्री **पीयूष गोयल** ने वडोदरा, गुजरात में **भारत के पहले रेलवे विश्वविद्यालय** का उद्घाटन किया। यह **रूस और चीन** के बाद दुनिया में तीसरा विश्वविद्यालय है।

- **कतर** ने **जनवरी, 2019** में **ऑर्गनाइजेशन ऑफ पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीज (ओपेक)** को छोड़ने का निर्णय किया है। कतर 1961 में ओपेक में शामिल हुआ और तेल उत्पादक देशों के ब्लॉक को छोड़ने वाला पहला खाड़ी देश है।

- **2018 संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन, यू.एन.एफ.सी.सी.सी** (जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन) के लिए पार्टियों का 24वां सम्मेलन था। यह 2 और 15 दिसंबर, 2018 के बीच कटोविस, पोलैंड में आयोजित किया गया था।

**खेल:**

- **पी.वी. सिंधु** बी.डब्ल्यू.एफ टूर फाइनल वूमन सिंग्ल का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बनीं जिन्होंने फाइनल में नोजोमी ओकुहारा को हराया। इसे तियानहे, ग्वांगझू, चीन में आयोजित किया गया था।

- क्रोएशियाई फुटबॉल खिलाड़ी (क्लब रियल मैड्रिड) **लुका मोड्रिक** को वार्षिक फुटबॉल पुरस्कार बैलोन डी'ओर 2018 के लिए चुना गया था।

- **एडमिरल कप रेगाटा 2018**, प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय सैन्य नौकायन कार्यक्रम का 9वां संस्करण, जिसे **भारतीय नौसेना अकादमी (INA)**, एझीमाला द्वारा एट्टिकुलम खाड़ी में 02 दिसंबर से 06 दिसंबर, 2018 तक वार्षिक रूप से आयोजित किया गया था, को **इटली** ने जीता था।

- **मैरी कॉम** को **बॉक्सिंग** के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हेतु **मणिपुरी सरकार** द्वारा **"मीथोइलिमा"** शीर्षक से सम्मानित किया गया है।

**दिसम्बर में महत्वपूर्ण दिन:**

**विश्व एड्स दिवस:** 01 दिसंबर, 2018
**संगठन -** विश्व स्वास्थ्य संगठन
**विषय -** अपनी स्थिति के बारे में जानें (Know your status)

**संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार दिवस:** 10 दिसंबर, 2018
**संगठन -** संयुक्त राष्ट्र महासभा
**विषय -** मानवाधिकारों के लिए खड़े हों (Stand up 4 human rights)

***